गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सांस्कृतिक चेतना परिषद द्वारा डा. कलाम जी को दी गयी श्रद्धांजली

पंतनगर। 16 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक चेतना परिषद् ने संस्कृति संरक्षण एवं राष्ट्रवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। इस अवसर पर एनएसएस, कृषि महाविद्यालय यूनिट के साथ डा. कलाम जी को श्रद्धांजलि देने हेतु विमर्श–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 250 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ।

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कलाम जी का पंतनगर से जुड़ाव विशेष है क्योंकि उनके सपनों के भारत में कृषि का एक अहम स्थान है और पंतनगर विश्वविद्यालय उनकी इसी सपने को साकार करने के लिए वर्षों से कार्यरत है। कलाम जी की यह सोच है कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है और जब छात्रों की ओर देखते हैं तो कहीं ना कहीं कलाम जी का वह सपना साकार होता हुआ नजर आता है। उन्होंने इस बात से आश्वस्त हैं कि ऐसी गतिविधियों के माध्यम से पंतनगर विश्वविद्यालय अपने आदर्श वाक्य को सफली भूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है और इसमें युवाओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नवोन्मेष शिक्षा एवं अनुसंधान के माध्यम से विश्वविद्यालय अपने ग्राम अभ्युदयः एवं देश अभ्युदयः के संकल्प वाक्य को सिद्धि में परिवर्तित कर रहा है। उन्होंने छात्रों के हित में सदैव तत्पर रहने के लिए सांस्कृतिक चेतना परिषद् की परामर्शदात्री डा. विनीता राठौर, एन.एस.एस. यूनिट, कृषि महाविद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी, डा. अमित केसरवानी एवं डा. रूचि का धन्यवाद ज्ञापित किया।